तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4
जॉय यूनिवर्सिटी चेन्नई ने हीरोज क्लब वाराणसी को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



## खबर संक्षेप

### समर्पण दिवस का आयोजन आज

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम अटल कुंज भाजपा कार्यालय चैनपुर में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर जिले के समस्त पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठजन को आमंत्रित किया गया है। आयोजन का उद्देश्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों एवं राष्टसेवा के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए संगठनात्मक एकता और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करना है। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम निर्धारित समय पर प्रारंभ किया जाएगा, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं से समय से पूर्व पहुंचने का आग्रह किया गया है। जिला महामंत्री द्वय द्वारिका जायसवाल एवं आशीष मजूमदार तथा जिला कार्यालय मंत्री रमेश यादव ने कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने की अपील की है।

### जिपं सीईओ बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का किए निरीक्षण

**अनूपपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12 वीं (अंग्रेजी) के बोर्ड परीक्षा के अनूपपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी द्वारा जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान संबंधित केन्द्राध्यक्ष से जिला पंचायत की सीईओ ने परीक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त की।

### मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण

**अनूपपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने कृषि उपज मंडी परिसर में संचालित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण कर मृदा परीक्षण कार्ड, पोर्टल में दर्ज रिपोर्ट, परीक्षण प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान लैब प्रभारी, लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में आवश्यक साफ-सफाई तथा लक्ष्य के अनुसार मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश दिए।

### निमार्णाधीन रेलवे ब्रिज अनूपपुर का निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अनूपपुर नगर में निमार्णाधीन रेलवे ब्रिज के कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्रिज के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का भ्रमण करते हुए रिटेनिंग वॉल फर्श में मिट्टी भराव (फिलिंग) का कार्य 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री पंचोली ने ब्रिज के दोनों ओर अलग-अलग टीमों के माध्यम से शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। साथ ही निर्माण स्थल पर पड़ी अनावश्यक सामग्री को हटाकर व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए।

### पूरी रात सड़क पर पड़ा रहा युवक, मौत

**अम्बिकापुर।** सोमवार की सुबह उस समय अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया जब मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने सड़क किनारे नाली पर युवक का शव मिला। बताया जा रहा है कि युवक रविवार की दोपहर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच भवन के सामने सड़क किनारे नाली पर पड़ा हुआ था। पूरी रात युवक वहीं पर पड़ रहा था । लोगों ने घटना की सूचना अस्पताल के पुलिस कर्मियों को दी। जांच उपरांत पता चला कि युवक की मौत हो चुकी है। इधर पुलिस मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

## इंदिरा पार्क खोने लगा अपनी खूबसूरती

# इंदिरा पार्क बदहालः वन्यजीवों की मूर्तियां क्षतिग्रस्त







हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के गेज नदी तट पर स्थित इंदिरा पार्क अब अपनी खुबसूरती खोते जा रहा है, यदि समय रहते पार्क को फिर से संवारने की दिशा में ध्यान नहीं दिया जाता है तो आने वाले कुछ समय में इंदिरा पार्क की खूबसूरती और ज्यादा बिगड़ जाएगी और लोगों का आना-जाना भी कम होने लगेगा।

जानकारी के अनुसार इंदिरा पार्क में विभिन्न तरह के पशुओं का स्टेचू बनाई गई थी, जो देख-देख के अभाव में टूटने लगे है। किसी जानवरी का पूरा सिर टूट गया है तो किसी का पैर ही टूट गया है, इसके चलते जानवरो की शक्ल पूरी तरह से बिगड़ गई है। पार्क में विभिन्न पशुओं के स्टेचू को आश्चर्य से बच्चे निहारते थे और खेलते थे, लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। पार्क में बनाए गए कई पशुओं के स्टेचू बदहाल हो गई है। स्थानीय एक अभिभावक ने कहा कि पहले हम अपने बच्चों को लेकर पार्क में विभिन्न तरह के जानवरों को दिखाने के लिए ले जाते थे, लेकिन पार्क में बनाए गए कई तरह के जानवरों के ढॉचे टूट-फूट गए हैं, इससे पार्क की रौनक पर भी प्रभाव पड़ा है। ऐसे में पार्क के देख-रेख के लिए जिम्मेदार नगर पालिका को समय रहते उचित कार्रवाई कर पार्क की रौनक को लौटाने की जरूरत है।

### खरपतवार की छंटाई नहीं

इंदिरा पार्ककी ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण इंदिरा पार्क में बडे-बडे घास हो गई है, जिसकी कटाई छंटाई नहीं किए जाने के कारण उग आए खरपतवार पार्क की सुंदरता पर ग्रहण लगा रहे हैं। यदि पार्क में उग आए खरपतवार की छंटाई कर दी जाती है तो पार्क की सुंदरता फिर से निखर जाएगी।

### अहाता टूटा गंदा पानी पार्क में

शहर का प्रमुख इंदिरा पार्क एसईसीएल कॉलोनी के ठीक बगल में है। कुछ दिनों पूर्व एसईसीएल कॉलोनी का अहाता का बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर गया है, इससे कॉलोनी का गंदा पानी इंदिरा पार्क में पहुंच रहा है, इससे पार्क में घूमने फिरने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### ओपन जिम के सामान भी टूट रहे

इंदिरा पार्क में ओपन जिम भी स्थापित है। पार्क के बीच में विभिन्न तरह के व्यायाम के सामग्री स्थापित किए गए हैं वह भी देख-रेख के अभाव में टूट फूट गए है, इसके चलते पार्क में आने-वाले लोगों को जिम सामग्री का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। शुरूआती दौर में इंदिरा पार्क में लगे ओपन जिम की स्थिति ठीक रही तो बड़ी संख्या में सुबह के अलावा शाम के समय लोगों के द्वारा व्यायाम सामग्री का उपयोग करते थे। नपा को इंदिरा पार्क की बदहाल स्थिति को ठीक करने की आवश्यकता है।



# 20 लीटर कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

पुलिस अधीक्षक जिला एमसीबी के निर्देशानुसार जिलेभर में चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान एवं प्रभावी कार्रवाई के परिपालन में पुलिस ने 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की है, इसके साथ ही शराब बनाने वाले भट्टी को ध्वस्त कर उपयोग में ले जाने वाले बर्तन को भी जब्त किया है।

थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन पर विशेष टीम बनाकर बीते दिनों बरतुंगा परासपानी निवासी प्रशांत नाहक उम्र करीब 38 वर्ष जो अपने साथी पिंटू उर्फ तेजराम यादव निवासी महुआरीपारा बरतूंगा के साथ मिलकर अवैध कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री करने के लिए बरतुंगा की ओर परिवहन कर रहा था, जिसे दबिश देकर पकड़ा गया, साथ ही उसके साथी एवं मुख्य आरोपी पिंटू उर्फ तेजराम यादव पुलिस को देखकर भाग गया। मौके पर प्रशांत नाहक के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक के झोले से 20 प्लास्टिक के पन्नी में अलग-अलग एक-एक लीटर कुल 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। वहीं आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई और आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

वहीं अन्य फरार आरोपी पिंटू उर्फ तेजराम यादव की पताशाजी की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विजय सिंह, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह, अशोक एक्का, संतोष साहू आरक्षक चंद्रसेन राजपूत ,मदन राजवाड़े, हाफिज कुरैशी सहित चालक आरक्षक रघु सिंह शामिल रहे।

# कलश यात्रा के साथ हनुमान महायज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि 10 फरवरी से शहर के प्रेमाबाग मंदिर प्रांगण में संकट मोचन श्री हनुमान महायज्ञ का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे शिव मंदिर प्रांगण प्रेमाबाग बैकुंठपुर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्ग से भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर आकर समाप्त हुई।

सात दिवसीय संकट मोचन हनुमान महायज्ञ का आयोजन देवराहा बाबा सेवा समिति बैकुंठपुर के तत्वाधान में आयोजित किया गया है, जो आगामी 16 फरवरी तक चलेगा। जानकारी के अनुसार आयोजित महायज्ञ में यज्ञकर्ता आचार्य श्री विक्रम दुबे महाराज द्वारा यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। संकट मोचन हनुमान महायज्ञ का शुभारंभ 10 फरवरी को कलश यात्रा के साथ हुआ ,इसके दूसरे दिन 11 फरवरी को पंचांग पूजन मंडप प्रवेश, 12 फरवरी को मंडप पूजन वेदी पूजन श्री हनुमान पूजन व हवन प्रारंभ होगा। 13 फरवरी को मंडप आवाहित देवता पूजन व पुष्प सहस्त्रार्चन, 14 फरवरी को मंडप पूजन एवं रक्त चंदन सहस्त्रार्चन, 15 फरवरी को महारूद्राभिषेक एवं ग्रह निवारण पूजा तथा 16 को हवन पूर्णाहूति के साथ विर्सजन विदाई कार्यक्रम संपन्न होगा , इसके साथ ही यज्ञ स्थल पर विशाल भंडारा आयोजित की जाएगी।

### बारिश के बाद बढ़ी कड़ाके की ठंड

**सोनहत।** खंड स्तर पर बीते दो दिनों से लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड ने आमजन को खासा परेशान कर दिया है। शाम होते ही ठंड का असर बढ़ जाता है, जो पूरी रात भर जारी रहता है। बारिश के बाद तापमान में आई गिरावट से ठिठुरन और अधिक महसूस की जा रही है। जानकारी के अनुसार नदी और तालाब किनारे बसे ग्राम तंजरा, बसवाही, अमहर, रामगढ़, सिंघोर सहित आसपास के अन्य गांवों में ठंड का प्रकोप ज्यादा देखा जा रहा है। शाम से देर रात तक सर्द हवाओं के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण स्तर पर ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। वहीं बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हालिया बारिश के कारण क्षेत्र में ठंड का असर अचानक बढ़ गया है। प्रशासन से भी मांग की जा रही है कि इन इलाकों में अलाव और अन्य राहत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

# पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों के साथ की बैठक

■ अवैध गतिविधियों पर सख्ती के दिए निर्देश

**डोमनहिल।** क्षेत्र में अमन चैन की स्थापना एवं अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह हल्दीबाड़ी के आशीर्वाद क्लब में स्थानीय व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना तथा व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को सुनना रहा। बैठक स्थल पर पहुंचने पर व्यापारियों द्वारा एसपी श्रीमती सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। व्यापारिक संगठनों ने पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक चर्चा की। बैठक के दौरान व्यापारियों ने खुलकर अपनी बात रखी। बैठक में चिरमिरी थाना प्रभारी विजय सिंह की कार्यशैली और सक्रिय पुलिसिंग की सराहना भी की गई। व्यापारियों ने बताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध नियंत्रण बेहतर हुआ है और असामाजिक तत्वों में कानून का भय बढ़ा है। एसपी श्रीमती सिंह ने बैठक में कही कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशे के अवैध कारोबार, जुआ और सट्टा जैसे अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। व्यापारियों को भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता है।





क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण की दिशा में समाज को आगे बढ़कर कार्य किया जाना चाहिए, अपराध नियंत्रण के लिए मुख्य मार्गों पर व्यापारी अपने प्रतिष्ठान के सामने सीसीटीवी कैमरा जरूर लगाए तथा चौक-चौराहे पर कैमरा लगाने के लिए सहयोग करें, इससे अपराध गठित होने पर पुलिस को जांच करने में सफलता मिलेगी तथा अपराधी सीसीटीवी कैमरा में आने से पहले अपराध करने से हिचकेंगे, जिससे अपराध में कमी आएगी। इस दौरान पुलिस कप्तान के नेतृत्व में पुलिस बल ने हल्दीबाड़ी क्षेत्र का निरीक्षण किया और वहां की पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बाजार क्षेत्र में यातायात सुचारू रखने और जाम की स्थिति से बचाव के लिए बेहतर पार्किंग प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरे से स्थानीय व्यापारियों में उत्साह देखा गया।

## मनीषा ने उत्तीर्ण की नेट की परीक्षा

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की एमए हिन्दी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कु. मनीषा ने राष्टीय पात्रता परीक्षा (नेट) हिन्दी विषय में अपने प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर विभाग सहित पूरे महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। कु. मनीषा, पिता स्व. घरभरन सिंह एवं माता स्व. सुमिला बाई की पुत्री हैं। वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं।



वर्तमान में वह एमए हिन्दी चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत हैं। तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में उन्होंने 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर हिन्दी विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विभागीय परिषद के गठन में अध्यक्ष पद पर चयनित होकर विभाग की छात्राओं का नेतृत्व भी कर रही हैं।

### कलेक्टर ने 70 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 70 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं श्रीमती अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

# सिरपुर महोत्सव में जसमीत सम्मानित

**मनेन्द्रगढ़।** छग के प्रसिद्ध तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव में मनेन्द्रगढ़ की बेटी एवं लोकप्रिय जस गीत गायिका व छग रत्न सम्मान से सम्मानित जसमीत कौर ने महोत्सव के दूसरे दिन अपने सुमधुर जसगीतों की शानदार प्रस्तुति देकर मंच को भक्तिमय कर दिया।

सिरपुर महोत्सव में बॉलीवुड एवं छग के अनेक प्रसिद्ध कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया गया था। इसी क्रम में जसमीत कौर की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रम के पश्चात जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने जसमीत कौर की कला की सराहना की। विधायक राजू सिन्हा, कलेक्टर विनय लहंगे सहित उपस्थित अतिथियों ने उनके भजनों को सुनकर आशीर्वाद प्रदान किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि बहुत कम उम्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली जसमीत कौर अब तक अनेक पुरस्कार एवं सम्मान अपने नाम कर चुकी हैं। एमसीबी जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि मनेन्द्रगढ़ की बेटी लगातार प्रदेश एवं देश स्तर पर अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जिले और छग का नाम रोशन कर रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने इसे छोटे शहर से निकलकर बड़ी पहचान बनाने वाली कलाकार की उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। इस अवसर पर मनेन्द्रगढ़ विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी जसमीत कौर को एमसीबी जिले की जनता की ओर से बधाई दी।




स्वास्थ्य मंत्री के हाथों सम्मानित होती जसमीत।

## विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

# रामानुज प्रताप सिंहदेव महाविद्यालय में मना वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में वार्षिकोत्सव, लोकरंग एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति श्रीमती वंदना राजवाड़े उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रविकुमार कुर्रे ने की। विशिष्ट अतिथियों में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर श्रीमती नविता शिवहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं राष्टगीत के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन एवं वार्षिक प्रतिवेदन महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसमें महाविद्यालय की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई। स्वागत गीत की प्रस्तुति पूजा पंकज द्वारा दी गई। प्रथम चरण में सत्र 2024-25 के दौरान विभिन्न कक्षाओं में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिभावान विद्यार्थी पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। साथ ही वर्षभर आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सामाजिक प्रतियोगिताओं अंतरराष्टीय साक्षरता दिवस, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, विश्व एड्स दिवस, ⏭ शेष पेज 4 पर



सम्मानित करते अतिथि।




सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

# पंचायतों में वित्तीय अनियमितताः पंच संघ ने 8 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

**सोनहत।** खंड मुख्यालय सोनहत में 9 फरवरी को विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए सैकड़ों पंचों ने पंचायतों में व्याप्त वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में आवाज बुलंद की।

पंच संघ के अध्यक्ष प्रेमसागर तिवारी के नेतृत्व में पंचों ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। पंच संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिवस के भीतर मांगों का उचित निराकरण नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से पंचायतों में पंचों की जानकारी एवं हस्ताक्षर के बिना फर्जी तरीके से राशि आहरण किए जाने, कई पंचायतों में लंबे समय तक ताला लटका रहने, मूलभूत मद की राशि में भारी गड़बड़ी कर आहरण करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं, इसके साथ ही बैकुंठपुर स्थित आईसीआईसीआई बैंक में संचालित विभिन्न पंचायत खातों को सोनहत स्थित बैंक में स्थानांतरित करने की मांग भी की गई है। यह ज्ञापन अनुविभागीय कार्यालय के साथ-साथ जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान पंच संघ अध्यक्ष ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल



बिश्रामपुर। बाइक में पेट्रोल भरवाकर एनएच 43 पर पहुंचे बाइक सवार युवक ट्रक के पिछले चक्का की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया है,जानकारी के अनुसार ग्राम नयनपुर खुटरापारा निवासी करीब 25 वर्षीय गोविंद राजवाड़े सोमवार की दोपहर में अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएल 1711 में ग्राम तेलईकछार शशिपुर स्थित एक पेट्रोल पंप से पेट्रोल वाहन में भरवाकर जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचा,तभी ट्रक क्रमांक 15 ए 9646 की चपेट में आ गया,दुर्घटना में युवक के पैर में गंभीर चोट आई है,जिसे जयनगर पुलिस मौके पर पहुंच स्थानीय लोगों की मदद से उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

### शतरंज प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के 36 खिलाड़ी हुए शामिल




अम्बिकापुर। शतरंज संघ द्वारा रविवार को शतरंज भवन में विभिन्न आयु वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में कुल 38 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। इस दौरान खिलाड़ियों के बीच काफी रोमांच देखने को मिला तथा नन्हें खिलाड़ियों ने वरिष्ठ खिलाड़ियों को मात देकर अपनी प्रतिभा साबित की। प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में गौरव साहू-विजेता, हिमानिश तिर्की – उप विजेता, यश कुमार गुप्ता-तृतीय, 15 वर्ष आयु वर्ग में सानिध्य गुप्ता-विजेता, प्रदीप्ता पाण्डेय-उप विजेता, देव अग्रवाल – तृतीय। 13 वर्ष आयु वर्ग – अंशुमन सहाय विजेता, निशांत कुमार सिंह उपविजेता, सुजल कुमार गुप्ता तृतीय तथा 11 वर्ष आयु वर्ग में आर्यन राज डांगरे विजेता, आरव पाण्डेय उप विजेता, नायशधा केशरवानी – तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में ओनिका राही विजेता, अनिता विश्वकर्मा उपविजेता, राखी तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को शतरंज संघ द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्रदीप कुमार मण्डल और शेष रतन जायसवाल ने निभाई। सानिध्य गुप्ता, अंशुमन साय, आरव पाण्डेय, हिमानीश तिर्की, नव्या सिंह, अमन सिंह, पार्थ गुप्ता, अभिषेक राजवाड़े, वरूण सोनी, अक्षत राज डांगरे, आदर्श वर्मा को संघ द्वारा सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव एसके वैष्णव अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा, उपाध्यक्ष एसएसपी वर्मा, सचिव एसएम कुरैशी, सत्यजीय मिश्रा, अविनाश पाण्डेय, प्रकाश पाण्डेय, प्रदीप डांगरे आदि उपस्थित थे।

### सूरजपुर नवीन जिला न्यायालय भवन निर्माण होने का मार्ग प्रशस्त

बिश्रामपुर। सूरजपुर जिले में बहुप्रतीक्षित जिला न्यायालय भवन निर्माण को लेकर आ रही अड़चनें अब दूर हो गई हैं,राज्य विधि विभाग नवा रायपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को शेष व्यपर्वतन अंतर की राशि करीब 15 लाख रुपये दिए जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है जिसके बाद अब नवीन न्यायालय भवन निर्माण कार्य को गति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। सुरजपुर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बलराम शर्मा ने बताया कि सूरजपुर जिला न्यायालय भवन निर्माण हेतु कुल 1.82 हेक्टेयर वन भूमि के व्यपवर्तन के लिए शेष 14 लाख 85 हजार रुपए की स्वीकृति विधि विभाग नवा रायपुर द्वारा प्रदान करने का निर्देश कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को दे दिया गया है। इस संबंध में उच्च न्यायालय बिलासपुर के एडिशनल रजिस्ट्रार प्रशासन संतोष ठाकुर द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरजपुर को औपचारिक ज्ञापन जारी कर सम्बंधित विभाग से कार्य का पालन कराने को कहा गया है,ज्ञापन में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उक्त स्वीकृत राशि को कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क), संभाग सूरजपुर के माध्यम से वनमंडलाधिकारी, वनमंडल सूरजपुर के कैंपा खाते में शीघ्र जमा कराया जाए। राशि जमा होने के पश्चात संबंधित वन भूमि का विधिवत आवंटन कर उसे न्यायालय प्रशासन के पूर्ण आधिपत्य में लिया जाएगा,साथ ही भूमि का कब्जा प्राप्त होने के बाद उच्च न्यायालय रजिस्ट्री को इसकी सूचना देने के निर्देश भी दिए गए हैं,उन्होंने बताया कि अब यह प्रक्रिया पूरी होते ही वर्षों से लंबित सूरजपुर जिला न्यायालय के नए भवन निर्माण का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त हो जाएगा।श्री शर्मा ने बताया कि नए जिला न्यायालय भवन के निर्माण से न्यायिक कार्यों में सुविधा बढ़ेगी, अधिवक्ताओं और वादकारियों को बेहतर आधारभूत संरचना मिलेगी तथा न्यायिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## व्यवसायिक खबर

### स्वरंग किड्स एकेडमी के बच्चों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



अम्बिकापुर। आर्य वैद्यशाला कोट्टकल के बैनर तले डॉ.अक्षरा दुबे ने छोटे बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उचित उपचार की सलाह दी। बच्चों में सर्दी-खाँसी के अलावे उनके वजन और लम्बाई में कमी की समस्या पायी गयी। सभी बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार किया गया। यह संस्कार 0-16 वर्ष के बच्चों का किया जाता है ताकि उनमें रोग-प्रतिरोधक क्षमता के साथ शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक क्षमता का विकास हो। इस दौरान बच्चों के साथ उनके अभिभावकों तथा शिक्षिकाओं का भी चिकित्सीय परीक्षण कर के परामर्श दिया गया। बाल झड़ने तथा स्कीन संबंधी समस्या उनमें आम थी। सभी को यथोचित उपचार कराने की सलाह दी गयी।

कक्षाओं की कमी से प्रभावित हो रही पढ़ाई, अन्य भवनों के लिए भेजा गया प्रस्ताव

# कमरों की समस्या के निराकरण के लिए पीजी कॉलेज को मिली 1.2 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

लम्बे अर्से से कक्षाओं की कमी से जूझ रहे संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय को शासन ने समस्या के निराकरण के लिए 1 करोड़ 2 लाख 67 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। कॉलेज प्रबंधन ने इस राशि से पुराने भवन के कुछ जर्जर कक्षाओं की मरम्मत कराने के साथ ही रूसा मद से निर्मित भवन के ऊपर 6 कमरों का निर्माण कराने का निर्णय लिया है।

संभाग मुख्यालय में स्थित राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय लम्बे अर्से से कक्षाओं की कमी से जूझ रहा है। प्रारंभ में कॉलेज का संचालन कुमार पैलेस में प्रारम्भ किया गया था। वर्तमान भवन में वर्ष 1970 से कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। भवन 55 साल पुराना होने के कारण अब कक्षाओं की छते जर्जर हो गई है तथा बरसात में लगातार पानी टपकने के कारण कमरे अनुपयोगी हो रहे हैं। इधर लॉ विभाग के विद्यावृत्त भवन को पिछले साल लोनिवि ने खतरनाक एवं अनुपयोगी घोषित कर दिया है। भवन की छत जगह-जगह से गिर रही है। दीवारों में खतरनाक दरारें आ गई हैं साथ ही छत का कुछ हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। कक्षाओं की कमी होने के कारण कॉलेज का संचालन दो सत्रों में किया जा रहा है इसके बावजूद जगह के अभाव में स्नातकोत्तर कक्षाओं का संचालन विभागों में किया जा रहा है। अनुपयोगी घोषित होने के बावजूद कोई दूसरा विकल्प नहीं होने के कारण जर्जर विद्यावृत भवन में भी विधि संकाय की कक्षाएं संचालित की जा रही है। प्राध्यापकों का कहना है कि कॉलेज में संचालित विभिन्न संकायों में 5500 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। सभी विद्यार्थी नियमित उपस्थित हो तो बैठना तो दूर की ता कक्षाओं में उन्हें खड़े होने की भी जगह मिलना संभव नहीं है।

#### रूसा भवन में होगा कमरों का निर्माण

कमरों की समस्या के निराकरण के लिए कॉलेज प्रबंधन ने पुराने भवन की जर्जर चार कक्षाओं की छत को उखाड़कर सीमेंट सीट लगाने का निर्णय लिया है। मरम्मत के कम खर्च में 4 कक्षाएं तैयार हो जाएंगी। शेषि राशि से रूसा मद से निर्मित भवन के ऊपर 6 कमरों का निर्माण कराया जाएगा। इन कमरों का उपयोग कक्षाओं एवं लैब के लिए किया



#### नए भवन के लिए 18 करोड़ का प्रस्ताव

कॉलेज प्रबंधन ने जर्जर विद्यावृत भवन के स्थान पर वर्तमान जरूरतों को देखते हुए तीन मंजिला भवन बनवाने का विचार किया है। इस भवन के बनने से कक्षाओं, प्रयोगशाला सहित अन्य सभी जरूरतें पूरी हो जाएगी। इसके लिए प्रबंधन ने शासन को 18 करोड़ रूपए का प्रस्ताव भेजा है। कॉलेज प्रबंधन ने पीएम उषा योजनान्तर्गत छात्राओं के कौशल विकास, फिटनेस सहित अन्य गतिविधियों के लिए भी 8 कमरों के एक दो मंजिला भवन निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

#### चाहिए 42 कमरे 22 से चल रहा काम

प्राध्यापकों के अनुसार सभी संकाय की कक्षाओं के नियमित संचालन के लिए कॉलेज को 42 कमरों की आवश्यकता है जबकि कॉलेज भवन में मात्र 22 कमरे उपलब्ध हैं। कॉलेज में पढ़ने वाले बड़ी संख्या में विद्यार्थी नियमित उपस्थित नहीं होकर प्रबंधन के लिए मददगार बन गए हैं। कुछ कमरे ऐसे भी हैं जो छत से पानी टपकने के कारण बरसात में अनुपयोगी हो जाते हैं। नई शिक्षा पद्धति में बड़ी संख्या में नए विषयों को शामिल किया गया है। विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों को एक-दूसरे के विषय का अध्ययन अनिवार्य किया गया है। सभी विषयों में प्रायोगिक कार्य भी निर्धारित है लेकिन कॉलेज के पास इससे संबंधित प्रयोगशालाएं नहीं है। अन्य विषयों के प्रायोगिक कार्य के दौरान कक्षाओं का संचालन बंद कर दिया जाता है।

#### मिली है स्वीकृति

शासन से भवन निर्माण के लिए 1.2 करोड़ की स्वीकृति मिली है। राशि से रूसा बिल्डिंग के ऊपर 6 कमरों का निर्माण एवं पुराने भवन के चार कमरों की मरम्मत कराई जाएगी। एक अन्य भवन के निर्माण हेतु शासन को 18 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है।

डॉ.अनिल सिन्हा
प्राचार्य, पीजी कॉलेज

# राशन दुकान से 2 लाख के खाद्यान्न की चोरी

हरिभूमि न्यूज.मैनपाट

बीती रात चोरों ने ग्राम पंचायत नर्मदापुर अंतर्गत सेंट्रल कॉलोनी स्थित राशन दुकान से दो लाख से अधिक का खाद्यान्न एवं शक्कर पार कर दिया। सूचना पर मध्य रात्रि पहुंची पुलिस ने स्थल निरीक्षण करने के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। सुबह बैंक के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया तो रात में एक पिकअप व ओमनी कार दुकान के सामने खड़ी दिखी है।

■ जांच में जुटी पुलिस

रविवार को दोपहर में ट्रक से सेंट्रल कॉलोनी स्थित राशन दुकान में जिला मुख्यालय से राशन पहुंचा था। विभाग द्वारा लम्बे अंतराल के बाद फरवरी माह के चावल व शक्कर के साथ दो महीने का चना हितग्राहियों के लिए भेजा गया था। मध्य रात्रि राशन दुकान के पास एक कार एवं पिकअप खड़ा देख ग्रामीणों ने संदेह के आधार पर राशन दुकान संचालक को फोन भी किया लेकिन संचालक ने किसी का फोन रिसीव नहीं किया। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना ग्रामीणों ने संचालक एवं पुलिस को दी। सूचना पर मध्य रात्रि पहुंची पुलिस ने स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही संचालक से पूछताछ की। संचालक ने बताया कि रविवार को ही फरवरी महीने का 20 बोरी शक्कर, 58 बोरी चावल एवं दो महीने का 52 बोरी चना ट्रक से पहुंचा था जिसे दुकान में भण्डारित किया गया था। चोर राशन दुकान का ताला तक पार कर दिए हैं। सोमवार को पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज को खंगाला तो राशन दुकान के सामने राशन लोड एक ओमनी कार एवं एक पिकअप दिखी है। दोनों वाहनों का नंबर स्पष्ट नहीं दिख रहा है। पुलिस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को तलाश रही है। पुलिस द्वारा रात्रि गश्त बंद करने से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। चोर घरों के बाहर लगे बल्ब से लेकर अन्य सामानों की लगातार चोरी करने के साथ ही सूने घर एवं दुकानों को अपना निशाना बना रहे हैं।

### ईब नदी में रेत चोरी पर सख्त कार्रवाई

जशपुरनगर। जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। सहायक खनि अधिकारी जशपुर ने बताया कि ईब नदी में रेत चोरी और अवैध खदान के संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच 09 फरवरी 2026 को की गई। जांच के दौरान ईब नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर भण्डारित की गई कुल 960 घनमीटर रेत को अभय कन्स्ट्रक्शन, जशपुर से जप्त किया गया। इस मामले में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस लाइन मैदान में कराए जा रहे निर्माण पर रोक लगाने की मांग

अंबिकापुर। पुलिस लाइन मैदान में भवन निर्माण कराए जाने को लेकर खेल प्रेमियों से लेकर जनप्रतिनिधियों ने आईजी से मुलाकत कर ज्ञापन सौंपा है। खेल प्रेमियों और जनप्रतिनिधियों ने खेल मैदान को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर भवन निर्माण कराए जाने की मांग की है।

■ भाजपा पार्षद, खेल प्रेमियों ने आईजी के नाम सौंपा ज्ञापन

भाजपा पार्षद विकास पाण्डेय ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा पुलिस लाईन मैदान के पश्चिमी हिस्से के बीचो-बीच पुलिस भवन प्रस्तावित है। भवन निर्माण हेतु ले आउट भी कर लिया गया है। इस मैदान में बौरीपारा निवासी खिलाड़ी एवं पुलिस कर्मियों के बच्चे वर्षों से खेल मैदान में खेल अभ्यास एवं व्यायाम करते आ रहे है। मैदान में लगभग 5 वार्ड के खिलाडी भी वहीं सुबह-शाम खेल का अभ्यास करते हैं। अगर यहां मकान का निर्माण कराया जाता है तो मैदान संकुचित हो जाएगा और खेल प्रतियोगिता या मैदान का जो मापदण्ड है वह भी आवासीय मकान बनने से बाधित होगा। खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए दिक्कत होगी। इस लिए उन्होंने खिलाड़ियों के भविष्य को देखते हुए भवन निर्माण का स्थान परिवर्तन करने की मांग की है। इस दौरान संजीव वर्मा, शैलेष सिन्हा, रोहित तिवारी, निशात सिंह दिग्विजय सिंह, रमन भामरा, निरंजन अग्रवाल मौजूद थे।



#### वार्डवासियों ने भी सौंपा ज्ञापन

पुलिस लाइन मैदान में कराए जा रहे भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाकर अन्यत्र स्थापित किए जाने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों व खेल प्रेमियों ने भी आईजी से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा है। युवा नेता रजनीश सिंह ने बताया कि शहर के मध्य स्थित खेल मैदान पुलिस विभाग की संपत्ति है लेकिन वर्षों से विभाग की उदारता के कारण शहर के बच्चे और युवा खेलकूद व शारीरिक अभ्यास करते आ रहे है। वर्तमान में शहर में कोई अन्य मैदान शेष नहीं बचा है जिससे बच्चे आउटडोर खेलों से दूर होते जा रहे है। खेल को बढ़ावा देने और बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए वार्डवासियों और खेल प्रेमियों ने आईजी से मांग की है कि पुलिस विभाग अपने प्रस्तावित निर्माण कार्य को इस खेल मैदान के बजाय विभाग की ही किसी अन्य रिक्त भूमि या स्थान पर करा ले ताकि यह मैदान बच्चों के खेलने के लिए सुरक्षित बचा रहे। इस दौरान पिंकू पांडेय, अभिषेक तिवारी, अंशु सिंह, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश सिंह, आशीष सिंह, सहित अन्य मौजूद थे।

# जिला स्तरीय अधिवेशन में 18 लोगों ने लिया नेत्र व देहदान का संकल्प

अंबिकापुर। दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाले राष्ट्रीय संगठन सक्षम की सरगुजा इकाई द्वारा 7 फरवरी को साईं बाबा महाविद्यालय में जिला स्तरीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक समावेशन स्वास्थ्य जागरूकता तथा सेवा भाव को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत शामिल हुई जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने की। इसके साथ ही विशिष्ट अदिथि के रूप में उमेद सिंह चारन, एमआईसी सदस्य मेन्श सिंह व शशिकांत जायसवाल शामिल हुए। गोष्ठी में सक्षम के प्रांतीय सचिव अनूप पाण्डेय, सह सचिव अंजलि चावड़ा, नेत्र चिकित्सक डॉ. अभिजीत जैन, एमडी पैथोलोजी डॉ. दीपक गुप्ता, एमडी मेडिसिन डॉ. परमानंद अग्रवाल, प्राचार्य साईं बाबा कॉलेज डॉ. राजेश श्रीवास्तव, आर्ट ऑफ लिविंग से संजय अग्रवाल, विवेक सिंह ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में दिव्यांग राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हरीशचन्द्र पटेल ने अपने जीवन के अनुभवं साझा किए। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगो के प्रति जागरूकता और संवेदना जागरूक करने के लिए विभिन्न विद्यालयों और कॉलेज में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सक्षम के उपाध्यक्ष देवराज सिंह बाबरा ने 1 से 6 फरवरी तक किए गए कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 18 नागरिकों ने नेत्रदान एवं देहदान का संकल्प भी लिया गया। इनमें बृजभान सिंह, उमेद सिंह चारण, त्रिलोचन सिंह बाबरा, संजय अग्रवाल, राजीव पाठक, देवराज सिंह बाबरा, शत्रुधन विश्वकर्मा, दीपक वासूले, अमन सिंह, रामनिधि यादव, कृपा सिंह, निशा कुजूर, पूजा सिंह, निशा राजवाड़े, विनीता एक्का, सुनीता दास, विवेक सिंह, राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य ने नेत्रदान का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि महापौर मंजूषा भगत ने दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए सक्षम संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में समावेशन एवं संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है।

■ कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पीसीसीएफ को जांच के लिए लिखा पत्र




### जिला स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

बलरामपुर। रविवार को नगर में जिला स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय एवं कन्या उमावि में किया गया। इस परीक्षा में 19 जनवरी को हुए विकासखंड स्तरीय परीक्षा में चयनित बालक बालिका प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा में 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र गौ सेवा सम्मान में मेडल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश के बाल कार्य प्रमुख सिद्धि विनायक एवं अध्यक्षता कर रहे गौ सेवा संवर्धन प्रमुख बिगन सिंह, सदस्य किशोर



न्याय बोर्ड संजीत कुमार, तपेश्वर सिंह, माता बाल कुमारी सिंह, नोडल अधिकारी अभिषेक पैंकरा, उधम सिंह, अजय गुप्ता, विनय पाठक, धनंजय तिवारी, भारदूल सिंह, दिनेश यादव, उमाशंकर भगत, विशंभर दास, श्याम सुंदर साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### डीएवी स्कूल के फेयरवेल में छात्रों ने चारपहिया वाहन से करी स्टंटबाजी

बिश्रामपुर। नगर में संचालित डीएवी विद्यालय में सोमवार को आयोजित कक्षा 12वीं के फेयरवेल कार्यक्रम के दौरान कुछ नाबालिग छात्रों द्वारा चारपहिया वाहनों से स्टंटबाजी करने एवं हूटर बजाकर रैली निकालने का मामला सामने आया है,सूचना मिलने पर बिश्रामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन वाहनों को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार फेयरवेल कार्यक्रम में शामिल होने कुछ नाबालिग छात्र विद्यालय प्रबंधन के स्पष्ट निर्देशों को नजरअंदाज व उल्लंघन करते हुए चारपहिया वाहनों से विद्यालय पहुंचे थे,कार्यक्रम के समापन के बाद इन्हीं छात्रों द्वारा विद्यालय से कॉलोनी तक चारपहिया



वाहनों की रैली निकाली गई,जिसमें प्रीमियम मॉडल्स व महंगे वाहनों में लगे विशेष हॉर्न व तेज ध्वनि हूटर बजाए गए और गाड़ियों से स्टंटबाजी भी की गई।इस दौरान किसी नागरिक ने बिश्रामपुर पुलिस को सूचना दे दी,मौके पर पहुंची पुलिस को देख कई वाहन चालक छात्र मौके से फरार हो गए।

### मोहरा एनीकट में डूबे दोनों किशोरों के शव बरामद



बिश्रामपुर। रामनगर से होकर गुजरने वाली रेड़ नदी स्थित मोहरा एनीकट में नहाने के दौरान डूबे दोनों नाबालिग किशोरों के शव को दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया है, घटना दिवस रविवार को पूरे दिन जॉइंट टीम द्वारा चलाई गई तलाशी अभियान में सफलता नहीं मिली थी, जिसे सुरक्षा कारणों से अंधेरा होने पर सर्च ऑपरेशन को रोक दिया गया था।

सोमवार की सुबह बिश्रामपुर पुलिस, एसडीआरएफ टीम एवं स्थानीय गोताखोरों के संयुक्त दल द्वारा पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया,कुछ ही देर में एक-एक कर दोनों किशोरों के शव बरामद कर लिए गए,पुलिस ने पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूर्ण कर शव को परिजनों को सौंपते हुए मर्ग कायम किया है। मृतकों की पहचान शिवनंदनपुर गवटियापारा निवासी सेराज अंसारी के 12 वर्षीय पुत्र आदिल तथा जयनगर कुंजनगर निवासी मो. जावेद के 15 वर्षीय पुत्र अयान सद्दाम के रूप में हुई है,दोनों ही किशोर रविवार की दोपहर अपने पांच-छह दोस्तों के साथ घूमने के उद्देश्य से मोहरा एनीकट पहुंचे थे,जहां आपसी बातचीत के दौरान नहाने के लिए पानी में उतरते ही गहरे पानीमें डूब गए। साथियों ने शोर मचाया,लेकिन तब तक दोनों पानी में लापता हो चुके थे,घबराए बच्चों ने घर पहुंचकर परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। बताया गया कि अयान कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 9वीं का छात्र था, जबकि आदिल मनेंद्रगढ़ में अपने नाना-नानी के यहां रहकर मदरसे में पढ़ाई कर रहा था और शब-ए-बारात पर्व पर अपने घर आया हुआ था। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है तथा शिवनन्दनपुर जयनगर गांव में शोक का माहौल है।

मदनपुर में गैस गोदाम निर्माण के लिए चिन्हांकित स्थल से

# अवैध कब्ज़ाधारियों को किया गया बेदखल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम मदनपुर व पण्डोनगर के मध्य प्रस्तावित गैस गोदाम परियोजना हेतु चिन्हित स्थल से तीनों कब्जा धारियों को आज सोमवार को बेदखल कर दिया गया है,कार्यवाही पर स्थानीय लोगों द्वारा अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई गई लेकिन उन्हें हटा दिया गया,गौरतलब है कि सिलफिली महाविद्यालय के बगल में भारत पेट्रोलियम की गैस गोदाम बनाने की तैयारी लंबे समय से चल रही है।

राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में भूमि के नापजोख की प्रक्रिया जब शुरू की गई,तब भी ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था,इसी मामले को लेकर यहाँ पर सोमवार को लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का दलबल के साथ प्रस्तावित गैस गोदाम के चिन्हित स्थल पहुंचे थे,इसके बाद यहां पर भारी पुलिस बल की उपस्थिति में 40-50 वर्षों से काबिज प्रदीप मंडल,अन्नू पण्डो, स्व. कल्पना राय पति विष्णु राय के कब्जा को हटवाकर यहां पोल फेसिंग कार्य पूर्ण कराकर प्रशासन ने उक्त भूमि को अपने कब्जे में ले लिया है,ज्ञात हो कि ग्राम मदनपुर व पण्डोनगर के मध्य एनएच 43 किनारे संचालित शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के बाजू में स्थित खसरा नंबर 142, 143, 144, 145, 147 कुल रकबा 1.00 हेक्टेयर भूमि को भारत पेट्रोलियम के गैस गोदाम निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन की प्रक्रिया गत दिनों पूर्ण की गई थी। प्रस्तावित गोदाम स्थल के समीप ही सिलफिली महाविद्यालय के अलावा पार्वती बीएड कॉलेज और कई सरकारी व निजी स्कूल स्थित हैं। प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं यहां अध्ययन के लिए आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यहां सरगुजा संभाग के पांचों जिला हेतु गैस सिलेंडर का भंडारण केंद्र स्थापित हुआ तो किसी भी समय छोटी सी चूक एक भयावह हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे पढ़ाई के लिए कॉलेज और स्कूल जाते हैं, वहां उनके सिर पर हमेशा खतरा मंडराता रहेगा,भीड़भाड़ वाले इलाके और शैक्षणिक संस्थानों के बीच ऐसा प्रोजेक्ट पूरी तरह असुरक्षित है।






# द केरल स्टोरी 2- गोज बियॉन्ड का दूसरा गाना रिलीज

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2 - गोज बियॉन्ड'का इमोशनल गाना 'ओ माई री'रिलीज हो गया है। इस गाने में श्रेया घोषाल ने अपनी खूबसूरत आवाज दी है, जिसने इसे और भी इमोशनल बना दिया है। पहले पार्ट 'द केरल स्टोरी'ने अपनी बेबाक कहानी से देशभर में बहस छेड़ दी थी। अब इसका सीक्वल उससे भी ज्यादा इंटेंस नजर आ रहा है। हाल ही में इस फिल्म का दूसरा गाना 'ओ माई री'रिलीज किया गया है। ओ माई री'गाना मां और बच्चे के रिश्ते को समर्पित है। यह गाना मां के उस निःस्वार्थ प्यार, सुरक्षा और अपनेपन को महसूस कराता है, जो हर बच्चे के लिए सबसे बड़ा कवच होता है।

लाइफ Style

# तृप्ति

## खुद की जिंदगी से जोड़ी ओ रोमियो की कहानी

तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 'वैलेंटाइन डे' से एक दिन पहले 13 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में तृप्ति डिमरी अफशा का किरदार निभाएंगी। इसमें उनके साथ शाहिद कपूर अहम किरदार में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अभिनेत्री ने बताया है कि वह ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं। उन्होंने कहा 'मैं रोती हूं। इंसान हूं, इसलिए कभी-कभी बहुत रोती भी हूं। लेकिन, अगर कोई मेरी फिल्म या मेरे काम को लेकर आलोचना करे, तो मैं उस पर नहीं रोती। मैं इसे ऐसे लेती हूं कि किसी को मेरा काम पसंद आएगा, किसी को नहीं। सबको खुश करना संभव नहीं है।'

उन्होंने आगे कहा 'हां, अगर कोई पर्सनल कमेंट कर दे, तो वह बात मुझे बुरी लगती है। बिल्कुल अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर भी, मैं उस पर रोती नहीं हूं। मुझे कोई इतनी आसानी से रुला नहीं सकता।' तृप्ति डिमरी ने प्यार पर अपनी बात रखते हुए कहा 'अगर मैं खुद को फिल्म की लव स्टोरी में रखूं, तो जिस बात से मैं सबसे ज्यादा जुड़ पाती हूं, वह है इस कहानी में मौजूद प्यार की सच्चाई। मुझे हमेशा लगता है कि प्यार ऐसा ही होना चाहिए। सीधा, साफ और बिल्कुल पवित्र। यही चीज इस कहानी में भी है। यही बात मेरी अपनी रियल लाइफ से भी सबसे ज्यादा मिलती है। फिल्म 'ओ रोमियो' एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसके लेखक और निर्देशक विशाल भारद्वाज हैं। इसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# सुपर बाउल... पर दिखा बैड का जलवा

**लॉस एंजिल्स।** रविवार रात सांता क्लारा के लेवीज स्टेडियम में सुपर बाउल LX हाफटाइम शो हुआ। शो में ग्रैमी अवॉर्ड विजेता बैड बनी ने पूरा माहौल बदल कर रख दिया। इस शाम हॉलीवुड के कई कलाकार शो का मजा लेने पहुंचे। बैड बनी ने सुपर बाउल में इतिहास रच दिया। वह सुपर बाउल के हाफटाइम शो में पहले स्पैनिश भाषा में गाने वाले लैटिन सोलो आर्टिस्ट बने। सुपर बाउल वीकेंड पर हॉलीवुड का पूरा ग्लैमर देखने को मिला। मशहूर सितारे लियोनार्डो डिकैप्रियो, टोबी मैग्वायर, सुपर मॉडल केंडल जेनर और सिंगर लेडी गागा जैसे कलाकार शामिल हुए।



# शादी से पहले प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाह

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के क्यूट कपल जेंडया और टॉम हॉलैंड को लेकर एक नई अफवाह उड़ी है। सोशल मीडिया पर दावे किए जा रहे हैं कि एक्ट्रेस मां बनने वाली हैं। यह चर्चा ऐसे समय में सामने आई है, जब सगाई के बाद दोनों की शादी की चर्चाएं भी जोर-शोर से चल रही हैं। जेंडया और टॉम हॉलैंड को हाल ही स्पॉट किया गया। वायरल तस्वीरों को देखकर ही एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की अटकलों ने जोर पकड़ा है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब ऐसी अफवाह उड़ी है। इससे पहले जब ऐसा हुआ था, तब जेंडया की मां, क्लेयर स्टॉर्मर ने इन दावों को सख्ती से खारिज कर दिया था और लोगों से बेहतर सोर्स पर भरोसा करने की अपील की थी। बहरहाल, इस बीच कई फैंस और ऑनलाइन कमेंटेटर्स का कहना है कि एक्ट्रेस जिस तरह बड़े साइज के कपड़े पहन रही हैं, यह सर्दियों में कई लेयर्स में पहने जाने वाले कपड़ों से अलग है।



# सनी की कैनेडी ओटीटी पर देगी दस्तक

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'कैनेडी' आखिर भारतीय दर्शकों तक पहुंचने वाली है। साल 2023 में इस थ्रिलर फिल्म को कान फिल्म फेस्टिवल में करीब सात मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। मगर, भारत में यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देगी। रविवार को इसका ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म 'कैनेडी' इसी महीने रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का प्रीमियर 20 फरवरी से जी5 पर होगा। फिल्म 'कैनेडी' में सनी लियोनी के अलावा राहुल भट्ट लीड रोल में हैं। राहुल ने पुलिस अफसर का रोल निभाया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी एक पूर्व पुलिस अफसर के इर्द-गिर्द घूमती है। वह सोता नहीं है और उसे काफी समय से मरा हुआ समझ लिया गया है। पुलिस ऑफिसर को इसकी परवाह नहीं है।



# व्हाट्सएप फैक्ट्रियां बना रहीं कहानी

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'स्पिरिट' शुरू से चर्चा में है। बीते रविवार ऐसी खबरें सामने आईं कि दीपिका के बाद अब प्रकाश राज भी 'स्पिरिट' से हट गए हैं। फिल्म 'स्पिरिट' से अपने बाहर होने की अफवाहों को बढ़ता देख प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से आज सोमवार को एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें लोगों से अफवाहें न फैलाने की बात कही है। एक्टर ने लिखा है, 'सभी टॉक्सिक फर्जी खबरें फैलाने वालों को 'स्पिरिट' फिल्म के बारे में बताना चाहता हूं। हमने अभी तक मेरे सीन्स की शूटिंग शुरू भी नहीं की है और व्हाट्सएप फैक्ट्रियां कहानियां बना रही हैं। थोड़ी समझदारी दिखाओ। अपनी जिंदगी जियो'।

## टीवी मसाला



# पलक झपकते ही बदल जाती है शैतान की कहानी

**नई दिल्ली।** 2 घंटे 12 मिनट की फिल्म में हॉरर, सस्पेंस की कोई कमी नहीं दिखेगी। जो लोग दिमाग हिलाने वाला सस्पेंस चाहते हैं उनके लिए ये फिल्म बिल्कुल परफेक्ट है। नेटफ्लिक्स पर मौजूद ये फिल्म शैतान है। इस फिल्म में डर ही एक भाषा की तरह है, इसलिए भाषा कोई बाधा नहीं है। सुपरनेचुरल हॉरर फिल्म शैतान गुजराती में रिलीज हुई वश की रीमेक है।फिल्म की कहानी बहुत सिंपल है। कबीर ऋषि (अजय देवगन) अपनी पत्नी ज्योति (ज्योतिका), बेटी जाह्नवी (जानकी बोडिवाला) और बेटे ध्रुव (अंगद राज) के साथ छुट्टियां मनाने अपने फार्महाउस जाता है। कार से यात्रा करते हुए, वे रास्ते में एक ढाबा पर खाना खाने के लिए रुकते हैं। वहां वनराज (माधवन) किसी तरह उनकी मदद करता है और दोस्ती कर लेता है। इसी दौरान वनराज द्वारा दी गई मिठाई खाने के बाद जानवी पूरी तरह वनराज के नियंत्रण में आ जाती है। वनराज पीछा करते हुए फार्महाउस तक पहुंचता है और जानवी को अपने इशारे पर चलाता है। वह उसे अपने पास देने की मांग करता है, जिससे माता-पिता के लिए यह बड़ा संकट बन जाता है। माता-पिता और वनराज के बीच संघर्ष में क्या जानवी बच पाई या खो गई? वनराज की पृष्ठभूमि क्या है? यही फिल्म की आगे की कहानी है। फिल्म की शुरुआत काफी हल्की-फुल्की होती है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अनपेक्षित घटनाएं दर्शकों को बांध लेती हैं। खासकर माधवन की एंट्री से ही लगता है कि कुछ बड़ा होने वाला है। एक ही घर, सिर्फ पांच किरदार, 2 घंटे में जो घटनाएं और ट्विस्ट होते हैं, वे चौंका देते हैं।


## पति अपूर्व से अलग रहती हैं दिव्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो द 50 इस वक्त जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर प्रसारित हो रहा है। 50 दिनों तक 50 लाख के लिए हो रहे इस गेम शो में आए दिन कोई न कोई नई भसड़ देखने को मिलती है। लेटेस्ट एपिसोड में एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल पर को-कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने काफी पर्सनल कमेंट्स किए। दावा किया कि वह 'गोल्ड डिगर' हैं और पति अपूर्व पडगांवकर से अलग रहती हैं। बैल और बुद्धि टास्क के दौरान इनके बीच बहस शुरू हुई थी और पीठ पीछे एक-दूसरे की छीछालेदर की। दिव्या ने युविका चौधरी से कहा कि वह अपने पति को बहुत मिस कर रही हैं। उसने उनकी लाइफ को पूरी तरह से बदल दिया है। 'वो बहुत ही शांत और प्यारा इंसान है। मैंने उसके आगने के बाद अपनी लाइफ में दोस्त बनाने शुरू किए। उसने मुझे दोस्ती का मतलब सिखाया है।' इधर, भाव्या ने दावा किया कि दिव्या और अपूर्व साथ नहीं रहते, 'दिवाली पर असली पटाखे तो इसके घर पर फूटे थे।



# गोदभराई में लैमन ग्रीन लहंगे में खूब दमकीं सोनम

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनम कपूर अपनी एक्टिंग ही नहीं, फैशन सेंस के लिए भी मशहूर हैं। मौका कोई भी हो वे अपने स्टाइल से सबको चौंका देती हैं। एक्ट्रेस दूसरी बार मां बनने वाली हैं। रविवार को उनकी गोदभराई की रस्म हुई। होने वाले बच्चे को आशीर्वाद देने तमाम सितारे पहुंचे। सोनम कपूर ने बेबी शावर में लाइम ग्रीन कलर की ड्रेस पहनीं। उन्होंने अपनी गोदभराई की फोटोज अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। सोनम कपूर की गोदभराई में अभिनेता अनुपम खेर भी पहुंचे। उन्होंने सोनम कपूर की फोटो शेयर करते हुए उन्हें शुभकामना दी है। अनुपम खेर ने लिखा है, 'प्यारी सोनम तुम्हें गोदभराई की शुभकामनाएं। खूब प्यार और आशीर्वाद'। सोनम ट्रेडिशनल लुक में बेहद प्यारी लग रही हैं। हैवी ज्वैलरी से उन्होंने अपना लुक कंपलीट किया है। सोनम कपूर की गोदभराई के कार्यक्रम में डेकोरेशन भी खास की गई। फूलों से घर को सजाया गया। सोनम कपूर की कजिन अंशुला कपूर ने गोदभराई फंक्शन की इनसाइड फोटोज शेयर करते हुए उन्हें बधाई दी हैं। इसके अलावा मसाबा गुप्ता भी प्रोग्राम में शामिल हुईं। उन्होंने भी फोटो शेयर की है। गोदभराई की रस्म की इनसाइड फोटोज शेयर करते हुए तमाम सेलेब्स ने सोनम कपूर और आनंद आहूजा को बधाई दी है। आनंद आहूजा और सोनम ने साल 2018 में शादी रचाई थी। अगस्त 2022 में कपल ने पहली संतान के रूप में बेटे का स्वागत किया। बेटे का नाम उन्होंने वायु रखा है। अब यह खूबसूरत जोड़ी अपनी दूसरी संतान का स्वागत करेगी। अभिनेत्री सोनम कपूर ने साल 2007 में फिल्म 'सांवरिया' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।



# बॉलीवुड की वो फिल्म, जिसे बनने में लगे 23 साल रिलीज से पहले हुई 2 लीड एक्टर, डायरेक्टर की मौत

**नई दिल्ली।** कई बार देखा गया है कि फिल्मों को बनने में कई साल लग जाते हैं। कई बार डायरेक्टर और स्टार्स के बीच अनबन की वजह से ऐसा होता है तो कई बार बजट को लेकर, या फिर फीस को लेकर भी समस्याएं आती हैं। इन कारणों के चलते भी फिल्में सालों तक लटकी रहती हैं। इनके चलते कुछ फिल्मों को सिनेमाघरों तक पहुंचने में लंबा समय लग जाता है। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे बनने में 23 साल लगे।

***1963 में शुरू हुई थी फिल्म की शूटिंग :*** हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसकी शूटिंग 1963 में शुरू हुई थी, लेकिन यह 1986 में रिलीज हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि जब तक ये फिल्म पर्दे पर आई इसके दो कलाकार और एक निर्देशक की मौत हो चुकी थी। इसके बाद निर्देशक की पत्नी ने फिल्म का निर्देशन पूरा किया। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वह है 'लव एंड गॉड' , जिसे 'कैस और लैला' के नाम से भी जाना जाता है ।

***मेन लीड की हुई मौत :*** फिल्म 'लव एंड गॉड' लैला और मजनू की पौराणिक प्रेम कहानी पर आधारित थी । गुरु दत्त ने कैस की भूमिका निभाई थी, जबकि निम्मी ने लैला का किरदार निभाया था। लेकिन, 1964 में दत्त का अचानक निधन हो गया और कैस के रोल के लिए नए कलाकार को लेना पड़ा। इसके बाद इस रोल के लिए संजीव कुमार को चुना गया। हालांकि, त्रासदी फिर से घटित हो गई। 1970 में फिर से फिल्म की शूटिंग शुरू हुई।



### *15 साल बाद किया रिलीज का फैसला*

*15 साल बाद आसिफ की पत्नी अख्तर आसिफ ने अधूरी फिल्म को रिलीज करने का फैसला किया। उन्होंने निर्माता-निर्देशक-वितरक के.सी. बोकाडिया की मदद ली। फिल्म की बची हुई शूटिंग अलग-अलग तीन स्टूडियो में पूरी की गई और फिल्म को रिलीज किया गया, लेकिन फिल्म रिलीज से पहले 1985 में फिल्म के लीड एक्टर संजीव कुमार की भी मौत हो गई। उनकी मौत के बाद आखिरकार, जैसे-तैसे इस फिल्म को 27 मई 1986 को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया। इन्हीं घटनाओं की वजह से 'लव एंड गॉड' फिल्म को मनहूस कहा जाता है। क्योंकि, इस फिल्म को बनाने के दौरान एक्टर से लेकर डायरेक्टर-प्रोड्यूसर तक की मौत हो गई थी। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही।*

## फरवरी का दूसरा सप्ताह भी होगा धमाकेदार

# वैलेन्टाइन वीक में रिलीज होंगी ये सीरीज और फिल्में

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना है। वैलेन्टाइन वीक चल रहा है। मोहब्बत वाले इस महीने में अगर आप घर बैठे कोई बढ़िया सी मूवी या सीरीज देखना चाहते हैं तो ओटीटी पर आपके लिए दिलचस्प विकल्प हैं। इस सप्ताह ओटीटी के पिटारे में कई बढ़िया फिल्में और सीरीज हैं।*



### अमर विश्वास

छोटे पर्दे से लेकर फिल्मों तक अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। वे कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' में नजर आएंगे। इसमें वे वकील की भूमिका अदा करने वाले हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर 11 फरवरी से स्ट्रीम होगी। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

### कोहरा सीजन 2

वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन फरवरी से स्ट्रीम होगा। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगी।

### माना शंकरा वर प्रसाद गारू

चिरंजीवी, वेंकटेश और नयनतारा अभिनीत यह फिल्म भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। इस तेलुगु एक्शन कॉमेडी फिल्म का निर्देशन अनिल रविपुड़ी ने किया है। थिएटर्स में यह फिल्म 12 जनवरी 2026 को रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 11 फरवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। यह 12 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### भानुप्रिया भूतर होटल

यह एक बंगाली हॉरर कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म उत्तरी बंगाल की पहाड़ियों में स्थित एक आलीशान होटल पर आधारित है। इसमें मिमी चक्रवर्ती, सोहम मजूमदार, बोनी सेनगुप्ता और स्वास्तिका दत्ता जैसे कलाकार हैं। इसका निर्देशन अरित्र मुखर्जी ने किया है। यह फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे 13 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

### द कॉन्ज्यूरिंग: लास्ट राइट्स

यह अमेरिकी सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म बीते वर्ष सितंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देगी। इसका निर्देशन माइकल चेव्स ने किया है। इस फिल्म में वेरा फार्मिगा, पैट्रिक विल्सन, मिया टॉमलिंसन और बेन हार्डी जैसे सितारे हैं। ओटीटी पर यह फिल्म 13 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप



### जिला बाल संरक्षण की टीम ने रोकवाई दो नाबालिकों का विवाह

**सूरजपुर।** बाल विवाह पर प्रशासन की टीम कडी नजर रख रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने को अग्रसर है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को दो अलग-अलग विकासखण्ड से सूचना मिली कि 16 वर्षीय लड़कियां जो 11वीं में अध्ययनरत हैं उसकी सगाई कर घर वाले विवाह करने वाले है। सूचना पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने दोनो का सत्यापन स्कूलों से कराया और दोनो नाबालिकों की उम्र 16 वर्ष पाए जाने पर मौके पर दो टीमे भेजी गई और सगाई के समय ही सभी को समझाईस दी गई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि छग शासन ने ग्राम पचांयत के समस्त सचिवों एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त पर्यवेक्षको को बाल विवाह प्रतिशेध अधिकारी बनाया है। सभी की जिम्मदारी है कि उनके ग्राम पंचायत एवं सेक्टर में बाल विवाह न हो। साथ ही बताया गया कि दोनो स्थानों में बालिकाओं को आगे की पढ़ाई जारी रखने और शिक्षा से ही सब कुछ प्राप्त होने की समझाईस दी गई। लड़की एवं परिवार वालो ने पहले पढाई फिर विदाई को स्वीकार किया और बालिका की शिक्षा को जारी रखने और उम्र हो जाने पर विवाह करने को तैयार हुए। बाल विवाह रोकवाने वालो में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, रामानुजनगर परियोजना अधिकारी सुश्री अनुराधा आर्या, सूरजपुर पर्यवेक्षक श्रीमती दीपा बैरागी, चाईल्ड लाईन से दीनेश यादव, श्रीमती यशोदा गुप्ता, पुलिस विभाग से शिवलोचन पैकरा, रामप्रकाश उपस्थित थे।

### वार्षिक खेल दिवस में बच्चों ने उत्साह के साथ लिया भाग

**अम्बिकापुर।** चोपड़ापारा स्थित मास्टरमाइंड जूनियर्स स्कूल का वार्षिक खेल दिवस स्थानीय हॉकी स्टेडियम में उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर पूर्व माध्यमिक कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों की खेल विधाओं में सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान के साथ की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर अनुशासन, एकता और टीम भावना का परिचय दिया। विद्यालय के प्राचार्य मृत्युंजय पांडेय ने खेल ध्वज फहराकर खेल दिवस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथि संजय पांडेय, प्राचार्य एवं अभिभावकों द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित कर तथा गुब्बारे छोड़कर वार्षिक खेल दिवस की खेल विधाओं की औपचारिक शुरुआत की गई। खेल स्पर्धाओं में मेंढक दौड़, बतख चाल दौड़, बोरा दौड़ सहित विभिन्न एथलेटिक गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके अलावा गुब्बारा संतुलन, चम्मच दौड़ और कोन संतुलन जैसे मनोरंजक खेल आकर्षण का केंद्र रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शासकीय रामानुज ...

हिंदी दिवस, स्वीप कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता, रजत जयंती एवं सेमिनार आदि के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। वार्षिकोत्सव के अंतर्गत आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिताओं 100, 200, 400, 800 मीटर दौड़, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, गोला फेंक, लंबी कूद, कबड्डी महिला-पुरूष एवं परिक्षेत्र स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। राज्य स्तर पर सहभागिता करने वाले खिलाड़ियों में फुटबॉल में अगस्त राजवाड़े तथा टेबल टेनिस महिला एवं पुरूष में नीतू राजवाड़े एवं प्रांजल शर्मा को उत्कृष्ट खिलाड़ी 2025 के सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर डॉ. महेश मिश्रा को गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा में सराहनीय सेवा के लिए राष्टपति पदक प्राप्त होने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने छात्रों को राष्ट निर्माण में शिक्षा की भूमिका बताते हुए प्रेरित किया। पूर्व जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि वे स्वयं इसी महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं और आज शिक्षा सुविधाएं पहले से कहीं बेहतर हैं। मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना राजवाड़े ने छात्रों से मेहनत, संघर्ष और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक रविकुमार कुर्रे ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी का साधन नहीं, बल्कि संस्कारवान नागरिक बनाने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं को इंटरनेट के दुष्प्रभाव से बचने, मानवता, दया और पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान देने की अपील की। द्वितीय चरण में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा पंकज द्वारा मोर छत्तीसगढ़ी महतारी गीत से हुई। शास्त्रीय नृत्य, पंथी नृत्य, युगल नृत्य, एकल एवं समूह लोकनृत्य, भांगड़ा, राउतनाचा, संबलपुरी एवं ददरिया नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। फेंरसी ड्रेस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झांकियां प्रस्तुत की गर्इं, जिन्हें खूब सराहना मिली। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. बृजेश कुमार पाण्डेय एवं डॉ. कुलदीप ओझा ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. विनय कुमार शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, अभिभावक, पूर्व विद्यार्थी, मीडिया प्रतिनिधि, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पंचायतों में वित्तीय ...

प्रेमसागर तिवारी, उपाध्यक्ष कन्हैया जायसवाल, संयोजक लव प्रताप सिंह सहित कृष्णा प्रजापति पंच चकडांड, करिश्मा सोनवानी पंच केशगवां, प्रियंका यादव उप सरपंच बसवाही, समुद्री बाई पंच बसवाही, धर्मजीत सोनपाकर पंच मझारटोला, सुषमा, पप्पू राम, विजय पाल पंच रावतसरई, चंदा कुजूर पंच कैलाशपुर, कलावती उप सरपंच कैलाशपुर, अमरासो पंच मेंड्रा, ओमप्रकाश नवल सिंह पंच अकलासरई, ललिता उप सरपंच केशगवां, सुनीता पंच मझारटोला, हाफिज, भूपेन्द्र राजवाड़े, राजेन्द्र सहित सोनहत क्षेत्र के काफी संख्या में पंच उपस्थित रहे। पंच संघ ने स्पष्ट किया कि पंचायतों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है और मांगे पूरी न होने पर आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### अभिजीत बने मैन ऑफ द मैच

# जॉय यूनिवर्सिटी चेन्नई ने हीरोज क्लब वाराणसी को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह





हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50 वें गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत प्रतियोगिता के आठवें दिन एक अत्यंत रोमांचक मुकाबला खेला गया। यह मैच जॉय यूनिवर्सिटी, चेन्नई तमिलनाडु एवं हीरोज क्लब, वाराणसी उत्तरप्रदेश के मध्य आयोजित हुआ। इसमें दर्शकों को कड़ी प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और खेल भावना का शानदार नजारा देखने को मिला। मैच के मुख्य अतिथि डीएमएस माइनिंग बिलासपुर आरके सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी वीके राय रहे।

वहीं विशेष अतिथि के रूप में जितेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र बनसरिया, डॉ. वीआर नायक, वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक विकास शंकर ओझा, गौरव दुबे एवं सतीष सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्टगान के साथ मैच का शुभारंभ किया गया। खेल की शुरूआत अपराह्न 3:35 बजे हुई। मैच के आरंभ से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। खेल के पहले 5 मिनट में ही चेन्नई टीम के जर्सी नंबर 15 अभिजीत ने शानदार गोल दागकर बढ़त दिलाई। इसके बाद 20 वें मिनट में अभिजीत ने दूसरा गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। वाराणसी टीम ने भी जोरदार पलटवार करते हुए जर्सी नंबर 9 के माध्यम से एक गोल कर अंतर 2-1 कर दिया। मध्यांतर तक चेन्नई टीम 2-1 की बढ़त बनाए रही। मध्यांतर के बाद वाराणसी टीम को कई अवसर मिले, लेकिन चेन्नई के गोलकीपर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल बचाए। 16 वें मिनट में वाराणसी टीम के जर्सी नंबर 17 अबुजर ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद वाराणसी को लगातार मौके मिले, पर वे उन्हें भुनाने में सफल नहीं हो सके। जैसे-जैसे समय बीतता गया, मुकाबला और रोमांचक होता गया। मैच समाप्ति से 7 मिनट पहले चेन्नई टीम के जर्सी नंबर 19 ने निर्णायक गोल कर टीम को 3-2 की बढ़त दिलाई। इसके बाद चौथा गोल करने का भी मौका मिला, लेकिन सफलता नहीं मिली। निर्धारित समय समाप्त होने तक जॉय यूनिवर्सिटी चेन्नई ने 3-2 से जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार चेन्नई टीम के जर्सी नंबर 15 अभिजीत को डीएमएस बिलासपुर आरके सिंह के हाथों प्रदान किया गया। मैच के मुख्य निर्णायक आशीष तिवारी रहे। सहायक निर्णायक पप्पू कुमार एवं आकाश पटवा, फोर्थ ऑफिशियल प्रभुल कुमार तथा मैच कमिश्नर अनिल कचेर रहे। मैदान की देखरेख एवं फिजियोथैरेपी की जिम्मेदारी एसईसीएल से सेवानिवृत्त एवं पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी मो. रफीक ने निभाई। मुख्य अतिथि डीएमएस बिलासपुर आरके सिंह ने कहा कि मुझे यह देखकर अत्यंत खुशी हुई कि छग के इस जिला क्षेत्र में देशभर की फुटबॉल टीमें उत्साह पूर्वक भाग ले रही हैं। यहां ऑल इंडिया स्तर पर इतने बड़े पैमाने पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होना वास्तव में सराहनीय है। मैं आप सभी आयोजकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की 50 वर्षों पुरानी परंपरा को निरंतर जीवित रखा है। मेरी कामना है कि आप सभी इसी खेल भावना, अनुशासन और समर्पण के साथ इस आयोजन को भविष्य में भी आगे बढ़ाते रहें। आयोजन समिति के अध्यक्ष सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, सचिव मो. रियाज, सह-सचिव तपेश्वर प्रसाद एवं प्रवीन डेहरिया तथा कोषाध्यक्ष महेश कुमार को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं।

आयोजकों ने नगरवासियों एवं खेल प्रेमियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। प्रतियोगिता के नौवें दिन 11 फरवरी को चौथा क्वार्टर फाइनल मैच दोपहर 3 बजे दुर्गापुर पश्चिम बंगाल एवं जॉय यूनिवर्सिटी चेन्नई तमिलनाडु के मध्य खेला जाएगा।

## सड़क किनारे खड़े कोयला लोड ट्रक राहगीरों के लिए बना खतरा



**मानीचौक।** सड़क किनारे रहवासी क्षेत्र में बेतरतीब ढंग से खड़े कोयला लोड ट्रक अब राहगीरों के लिए खतनाक साबित होने लगा है। रविवार को बाइक सवार सड़क किनारे खड़े कोयला लोड ट्रक के पीछे जा टकराया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का अंबिकापुर स्थित अस्पताल में इलाज चल रहा है। सड़क किनारे ट्रक से टकराने की यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व भी कई लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके है। आए दिन हो रही दुर्घटना से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि 19 दिसंबर को मानी निवासी युवक चैंपियन सिंह बाइक से खड़े ट्रक के पीछे जा टकराया था जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। रविवार को पुनः उसी स्थान पर ग्राम सपकरा निवासी बाइक सवार युवक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया, जिससे उसके सिर पर गहरी चोट आई है। लगातार हो रही इन दुर्घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते यातायात विभाग ने सख्त कार्रवाई नहीं की, तो भविष्य में कोई बड़ी और जानलेवा घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। इस लापरवाही के कारण सड़क पर आवाजाही करने वाले ग्रामीण, दोपहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले राहगीर के लिए मार्ग काफी खतरनाक हो गया है और हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कई बार ग्रामीणों द्वारा यातायात विभाग को सूचना दी लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा सकी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे खड़े ट्रकों पर तत्काल रोक लगाई जाए और लिफ्टरों को निर्देश करे कि निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही कोयला का सभी पेपर बिल्टी, शेफ्टी सील सहित अन्य कागजात रेड्डी कर ट्रांसपोर्ट के लिए सड़क पर निकले ताकि किसी कारण से कही पर घंटों इंतजार न करना पड़े।

### छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**रजपुरी कला।** छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर, साहसी और आत्मरक्षा में सक्षम बनाना है जिससे छात्राएं किसी भी विपरीत या संकटपूर्ण परिस्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकें। इसी कड़ी में 7 से 9 फरवरी को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुंग-फू, कराटे एवं अन्य आत्मरक्षा तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सौरभ विश्वकर्मा द्वारा दिया गया। छात्राओं को लगभग 1 घंटे तक गहन प्रशिक्षण दिया गया जिसमें आत्मरक्षा के मूलभूत गुर, शारीरिक संतुलन एवं आत्मविश्वास बढ़ाने की तकनीक बताई गई। छात्राओं को यह भी बताया गया कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक शक्ति नहीं, बल्कि मानसिक सतर्कता और आत्मविश्वास का विषय है।

## नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को




**सूरजपुर।** साल का पहला नेशलल लोक के सफल एवं प्रभावी आयोजन को सुनिश्चित करने तथा 14 मार्च को आयोजित होने वाली महत्वपूर्ण लोक अदालत की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारीयों एवं समस्त बैंक प्रबंधकों के साथ गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2026 का यह पहला नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित होने जा रहा है। उन्होने नगरपालिका, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग के अधिकारी तथा जिले में संचालित समस्त बैंक प्रबंधकों को लंबित प्रकरणों, प्री-लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में चिन्हित कर अविलम्ब प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए एवं ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों के निवारण हेतु सक्रिय सहयोग प्रदान करने पर जोर दिया। विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने हेतु गहन चर्चा की गई कि संबंधित विभागों द्वारा बकाया राशि, ब्याज और जुर्माने पर वास्तविक एवं प्रभावी छुट प्रदान किये जाए, ताकि जनता को अधिकतम वैधानिक राहत मिल सके। जिले वासियों से कहा कि 14 मार्च के नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होकर इस नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं। 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिले के सभी न्यायिक क्षेत्राधिकारों में किया जाएगा, जिसमें जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं जिले के समस्त अनुविभागीय और तहसील न्यायालय शामिल हैं।

## महाशिवरात्रि पर शिवमुरतेश्वर महादेव मंदिर में विविध कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** देवाधिदेव महादेव का महान पर्व महाशिवरात्रि इस वर्ष श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ 15 फरवरी रविवार को मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर नगर के शिवमुरतेश्वर महादेव मंदिर में परंपरागत रूप से रात्रि के चारों प्रहरों में विशेष पूजन, अभिषेक एवं अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालु शिव कृपा, शांति, स्वास्थ्य और कल्याण की कामना के साथ व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना करते हैं। आयोजकों के अनुसार महाशिवरात्रि की रात्रि में चार प्रहरों में विधिवत पूजन का समय निर्धारित किया गया है। प्रथम प्रहर का पूजन सायं 6.11 से 9.23 बजे तक होगा। इसके पश्चात द्वितीय प्रहर का पूजन रात्रि 9.23 से 12.36 बजे तक संपन्न किया जाएगा। तृतीय प्रहर का पूजन मध्य रात्रि 12.36 से 3.47 बजे तक होगा, जबकि चतुर्थ प्रहर का पूजन प्रातः 3.47 से 6.59 बजे तक विधि-विधान से किया जाएगा। चतुर्थ प्रहर के पूजन एवं अभिषेक के उपरांत हवन का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें श्रद्धालु आहुतियां अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा तथा पूरे वातावरण को शिवमय बनाने के लिए भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों ने बताया कि रात्रि भर शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, फल-फूल एवं अन्य पूजन सामग्री से अभिषेक किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध भी किए जा रहे हैं, इसके अतिरिक्त महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन 16 फरवरी सोमवार को दोपहर 12.30 बजे से किया जाएगा। इसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

भंडारे में सभी श्रद्धालु सपरिवार महाप्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। आयोजक समिति ने नगरवासियों एवं समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस पावन पर्व पर शिवमुरतेश्वर महादेव मंदिर में सपरिवार पहुंचकर अभिषेक, पूजन एवं महाप्रसाद में सहभागिता प्रदान करें और भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा के भागी बनें। आयोजकों का कहना है कि महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, साधना और भक्ति का महापर्व है, जो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

## कोचियों के बाद अब स्थानीय ग्रामीण कर रहे वन विभाग की भूमि पर कब्जा



**अंबिकापुर।** शहर से लगे लुचकी घाट पर लोगों द्वारा वन भूमि पर कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने वन भूमि पर झाला बनाने के लिए बांस बल्ली गाड ली है और आने वाले दिनों में इस भूमि पर कब्जा हो जाएगा। हैरानी की बात तो यह है कि एनएच किनारे की भूमि पर चल रहे इस कब्जे के खेल की जानकारी विभाग को नहीं है। एनएच फ्लाईओवर किनारे किया जा रहा कब्जा आने वाले दिनों दुर्घटना की मुख्य वजह बनेगा। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर लुचकी घाट पर एनएच विभाग द्वारा घाट कटिंग कर फ्लाईओवर का निर्माण कराया गया है। प्रारंभ से ही ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित लुचकी घाट पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ही घाट कटिंग का फ्लाई ओवर का निर्माण कराया गया है। इसी फ्लाई ओवर के बगल में वन विभाग की भूमि मौजूद है। बड़ी बात तो यह है कि वन विभाग की उक्त भूमि पर स्थानीय लोगों द्वारा कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। फ्लाईओवर किनारे की खाली भूमि पर ग्रामीणों द्वारा झाला बनाने के लिए बांस बल्ली गाड़ी गई है ताकि वे धीरे एनएच किनारे की इस बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर सके। वन विभाग की भूमि पर कब्जा कर ग्रामीण ढाबा व झोपडी बना सकते है जिससे फ्लाई ओवर पर भारी वाहन बेवजह रुकेंगे और घुमावदार मोड़ के साथ ब्लैक स्पॉट पर मौजूद फ्लाई ओवर पर दुर्घटनाएं बढ़ेगी। एनएच किनारे बेवजह किए गए कब्जे के कारण लोग सामान लेने के लिए रुकेंगे और अपने वाहनों को बेतरतीब खड़ी करेंगे।

## नगर में ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता दायरा, छोटे दुकानदारों की तोड़ी कमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज




दुकान में पसरा सन्नाटा

**खास बात**

- दुकानदारों के कारोबार पड़ रहा असर

जिले में इन दिनों व्यापारी ऑनलाइन खरीदी की मार झेल रहे है। त्यौहार और शादी विवाह के इस सीजन में जहां पहले बाजार में ग्राहकों की रौनक होती थी वहीं ऑनलाइन खरीदी के बाद बाजार की रौनक फीकी पड़ गई है। ऐसे में ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता दायरा ने छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी और व्यापारियों की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ने लगा है।

नगर में ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता दायरा छोटे दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। नगर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों द्वारा ऑनलाइन शॉपिंग की जाती है। ऐसे में स्थिति ऐसी निर्मित हो गई है कि घर के बगल के दुकान में जो सामान आसानी से उपलब्ध हो सकता है, उसे भी ऑनलाइन खरीदी कर रहे है। क्षेत्र में ऑनलाइन शॉपिंग का चलन तेजी से बढ़ रहा है। कुछ वर्ष पहले जहाँ ऑनलाइन खरीदारों की संख्या सैकड़ों में थी, वहीं अब यह संख्या प्रतिदिन लगभग 5 हजार तक पहुंच गई है। ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते प्रभाव से स्थानीय दुकानदारों का व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि गली-मोहल्लों में खुलने वाली छोटी दुकानें बंद होने के कगार पर पहुंच गई हैं। जिले के अन्य छोटे बड़े नगर के व्यापारी को त्यौहार और शादी विवाह के सीजन में अच्छे व्यापार होने की उम्मीद होती है परंतु ऐसा नजर नहीं आ रहा। नगर के मुख्य मार्केट समेत बाजार में जहां त्यौहार और शादी विवाह के सीजन में खरीदारी करने ग्राहकों की भीड़ होती थी वहीं अब बाजार में सन्नाटा छाया रहता है। व्यापारियों की माने तो जब से ऑनलाइन खरीदी शुरू हुई है तब से इसका असर व्यापार पर पड़ा है। हर कोई आज ऑनलाइन शॉपिंग कर रहा है। कुछ भी खरीदने के लिए वे अपना मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे हैं। बेशक उसमें कोई खरीदने की समझ न हो लेकिन फटाफट ऑर्डर कर देते हैं। ऑनलाइन खरीदी में अगर पहले पेमेंट कर दे और सामान गलत भी भेज देते है जिससे खरीदार को पछताना पड़ता है। त्यौहार और शादी विवाह के इस सीजन में सेल लगने का झांसा दिया जा रहा जिसमें लोग लालच में आ जाते है जिसका खामियाजा छोटे दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि एक समय रामानुजगंज के दुकानदारी की ऐसी स्थिति थी कि कोई छोटा दुकान करके भी अपनी आजीविका आसानी से चला लेता था। नगर के आसपास के दर्जनों गांव के साथ झारखंड के भी ग्राहक बड़ी संख्या में पहुंचते थे।

### पेंशनर्स महासंघ की हुई बैठक,संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान पर दिया जोर

**अम्बिकापुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला सरगुजा की अत्यावश्यक बैठक आयोजित की गई। संघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी यादव जिले के प्रवास पर रहीं और बैठक में शामिल हुई। बैठक संघ के जिलाध्यक्ष के आवास पर आहुत किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने अयोध्या में संपन्न हुई त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन की उपलब्धियों तथा पेंशनरों के हित में लिए गए निर्णयों के सम्बन्ध में विस्तार से बताते हुए संघ की सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। प्रदेश संगठन मंत्री ने भी अपना विचार रखा और संगठन को मजबूत करने की बात कही। प्रदेश सचिव ने कहा कि संघ का विस्तार जिला एवं संभाग के विकास खंड स्तर पर करने हेतु सभी प्रयासरत हैं।




### ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा ले रही एसजीजीयू की महिला टीम

**सरगुजा।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय की महिला बास्केटबॉल टीम ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल महिला चैंपियनशिप में हिस्सा ले रही है। बेंगलुरु में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए सरगुजा की टीम बेंगलुरु रवाना हुई। टीम 10 से 14 फरवरी तक प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की टीम में सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ के नियमित खिलाड़ी शामिल हैं, जो गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में नियमित अभ्यास करते हैं। सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ से विश्वविद्यालय टीम में प्रज्ञा मिश्रा, रिविका लकड़ा, रिमझिम, साक्षी, प्रिया जायसवाल, सुष्मिता आदि का चयन किया गया।

